# सुहागिनों ने मांगा अखंड सुहाग

## शुभ योगों के त्रिवेणी संयोग में मनी करवा चौथ

**पटना ( आससे )।** राजधानी में सनातन धर्मावलंबी सुहागिनों ने अखंड सुहाग की कामना से शुभ योगों के त्रिवेणी संयोग में गुरुवार को करवा चौथ का व्रत रखा। व्रतियों ने दिन भर उपवास रख कर संध्या में स्नान कर नये वस्त्र पहने। फिर सोलह शृंगार कर पूजा की थाल सजायी। इसके बाद भगवान शिव,माता पार्वती, गणेश, कार्तिकेय,चंद्रदेव के साथ करवा माता की पूजा की। माता पार्वती और करवा माता को शृंगार सामग्री अर्पित की और



कथा का श्रवण किया। और,सभी से अखंड सुहाग ,दीर्घायु, आरोग्यता, आपसी प्रेम,सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। यहां रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण चांद के दिखलायी नहीं देने की स्थिति में चंद्रोदय के समय के पश्चात चांद को साक्षी मान कर चंद्रमा को चलनी से दीप के साथ देखा। फिर उसी से पति को देखते हुए चंद्रमा को अर्घ्य प्रदान किया। अर्घ्य में दूध,शहद,मिश्री और नारियल दिया गया। व्रती महिलाओं ने चंद्रमा का दर्शन,पूजा एवं अर्घ्य देने के बाद पति के हाथ से जल पीकर व्रत पूर्ण किया। सनातन परंपरा में पत्नी-पति के परस्पर संतोष व सम्मान को परिवार के सुख-कल्याण का आधार माना गया है। माता पार्वती ने शिव की प्रसन्नता के लिए और दौपदी ने पांडवों के संकट दूर करने हेतु यह व्रत किया था। कालांतर में करवा चौथ के पर्व में समय के साथ इसके तरीके में बदलाव हो रहे हैं।

अब कई पति भी पत्नी के साथ व्रत रखते हैं। यही बदलाव पर्व के मूल भाव को और व्यापक बनाता है। इस त्योहार का सबसे सुंदर संदेश यही है कि रिश्ते केवल परंपराओं से नहीं,बल्कि परस्पर सम्मान, देखभाल और साथ निभाने के भरोसे से मजबूत होते हैं। चांद देखने की रस्म उसी विश्वास का उत्सव है। करवा चौथ की तैयारियां सुबह सर्गी से शुरू हुईं। परंपरा के अनुसार सास अपनी बहू को सर्गी दिया। इसमें फल,मिठाई,सूखे मेवे और दूसरी खाने-पीने की चीजें शामिल थीं। महिलाओं ने सूर्योदय से पहले सर्गी ग्रहण किया और फिर पूरे दिन व्रत रखा।

# श्रद्धा, प्रेम एवं उल्लास के साथ मनाया गया करवा चौथ

**पटना ( आससे )।** राजेन्द्र नगर स्थित खन्ना निवास में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, प्रेम, पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, समर्पण एवं अटूट रिश्ते की सुंदर भावना को उत्सव के माध्यम से अभिव्यक्त किया। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं का




एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपनी पति की दीर्घायु, सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ व्रत रखती हैं तथा विधि-विधान से पूजा- अर्चना करती हैं। खन्ना निवास में आयोजित इस उत्सव में पारंपरिक परिधानों, साज-शृंगार और आत्मीय मेल-मिलाप ने वातावरण को विशेष रूप से आनंदमय एवं उत्सवी बना दिया। इस अवसर पर शम्मी कथूरिया, सीमा खन्ना, अमिता गुप्ता, अनीता भसीन, गरिमा खन्ना, राजीव कथूरिया, अंजू खन्ना, गौरी, रीना टक्यार, अनु महाजन, रेखा कसेरा, मनीषा गुप्ता, मीनू मेहरा, अर्पिता, प्रियंका कसेरा, दलजीत कौर एवं अमनदीप सहित अनेक गण्यमान्य महिलाओं की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं और भारतीय परंपराओं के प्रति अपनी आस्था एवं सम्मान व्यक्त किया।




# करवा चौथ पर सुहागिनों ने की पूजा -अर्चना

**पटना सिटी ( आससे )।** करवा चौथ के मौके पर गुरुवार को पति की लंबी उम्र की कामना के साथ महिलाओं ने पूजा -अर्चना की। इससे पहले महिलाओं ने नये परिधानो को पहन कर धार्मिक आयोजन किया, इसके बाद



चांद को देख कर व्रत का समापन की।. पंजाबी बिरदारी और रोहतगी पटना महिला मंडल की ओर से भी करवा चौथ पर धार्मिक अनुष्ठान किये गये. इसके अलावा हाजीगंज स्थित अरोड़ा हाउस में आयोजित पूजा कार्यक्रम हुए।

पूर्व मध्य रेल

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं.**: 1, **कार्य का नाम एवं स्थान** : झाझा में नवनिर्मित टाइप-IV (02 इकाइयां), टाइप-III (04 इकाइयां), क्वार्टर्स के विद्युतीकरण, ओ.आर.एच. (ORH) में अतिरिक्त कार्य के साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था के संबंध कार्य तथा उप मुख्य बिजली इंजीनियर/ निर्माण/दक्षिण/महेन्द्रूघाट (Dy. CEE/Con/S/MHX) के अंतर्गत किसी अन्य स्थान पर कार्य। e-Tender No. EL/C/S/MHX/ETEN/06/26-27., **क्रम सं.** : 2, **अनुमानित कार्य की लागतः** रू. 92,72,887.75/-, **क्रम सं.** : 3, **जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य** : NIT के अनुसार एवं रू. शून्य, **क्रम सं.** : 4, **कार्य पूर्ण करने का समय** : 12 माह, **क्रम सं.** : 5, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 18.11.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, **क्रम सं.** : 6, **निविदा की उपलब्धता** : वेबसाईटः **www.ireps.gov.in** पर, हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण
पूर्व मध्य रेल, महेंद्रूघाट, पटना

पीआर/1213/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/नि./टी/26-27/32

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कौशल कुमार कौशिक उर्फ कौशल कौशिक पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद ने हमारे शाखा में व्यापार लोन के लिए आवेदन किया है उन्होंने बैंक को सूचित किया है कि उनका एक निबंधित केवाला जिसका संख्या 2703 दिनांक 27/05/2008 है वो सम्पति पटना जिले से समन्धित है जिसका खाता संख्या 11, खेसरा संख्या 328, मौजा निसरपुरा है। श्री कौशल कौशिक ने इस सम्बंध में नौबतपुर थाना में सनहा भी दर्ज कराया है जिसका SDE नंबर 741/23 दिनांक 22/01/2023 है, अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था/गैर वित्तीय संस्था / सरकारी क्षेत्र के बैंक / निजी बैंक को उक्त वर्निंत सम्पति पर किसी प्रकार का दावा हो या किसी बैंक में बंधक रखा गया हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपना आपति/दावा प्रस्तुत करें अन्यथा इसे स्वतन्त्र मानते हुए बंधक रखकर ऋण स्वीकृत करने की अग्रेतर कार्यवाही कर दी जाएगी और तत्पश्चात किसी भी प्रकार का दावा अमान्य समझा जाएगा। इसे अति आवश्यक समझा जाय।

कृपया निम्नलिखित शाखा से संपर्क करेंः
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, SME सगुना शाखा, दूसरी मंजिल, ओजोन प्लाजा, RPS मोड़ के पास, बेली रोड के पश्चिम में, पटना-801503,
**मोबाइल-** 7012958439
**ईमेल-** sbi.65609@sbi.co.in

# 72 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पटना सिटी ( आससे )।** बिहार में शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब का कारोबार जारी है। इसी बीच चौक थाना पुलिस ने लाल इमली स्थित काली स्थान के पास से 72 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ नन्हकी राय, पिता पछी राय, निवासी लाल इमली, थाना चौक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आलमगंज थानांतर्गत गुलजारबाग ओपीश के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी के द्वारा आसूचना संकलन के आधार पर छापामारी कर 86.2 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद कर ज़ब्त किया गया है।

इस संबंध में कांड दर्ज कर अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है खाजेकला थानांतर्गत आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस टीम द्वारा छापामारी कर चोरी के सामान को बरामद करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

# बिहारी सैनिकों ने साहस, दृढ़संकल्प से रेजिमेंट का गौरव बढ़ाया

## बिहार रेजिमेंट केंद्र में मनाया गया 19वीं बिहार बटालियन का 17वां स्थापना दिवस

**दानापुर ( आससे )।** बिहार रेजिमेंट केंद्र, दानापुर में आज रेजिमेंट की 19वीं बिहार बटालियन का 17वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन की गौरवशाली परंपराओं, वीरता, साहस एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया गया और देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

सनद रहे कि 19वीं बिहार बटालियन की स्थापना 10 जुलाई 2010 को बिहार रेजिमेंट केंद्र, दानापुर में हुई थी। इसके बाद 29 अक्टूबर 2010 को तत्कालीन कमान अधिकारी कर्नल पंकज अत्री के नेतृत्व में बटालियन राँची के लिए रवाना हुई। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 29 अक्टूबर को बटालियन का स्थापना दिवस मनाया जाता है।

स्थापना के बाद से ही बटालियन ने उत्तरी, उत्तर-पूर्वी एवं पूर्वी सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात रहकर देश




की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बटालियन के वीर बिहारी सैनिकों ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा से रेजिमेंट का गौरव बढ़ाया है। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और सराहनीय प्रदर्शन के लिए उन्हें विभिन्न वीरता पुरस्कारों एवं प्रशंसा पत्रों से सम्मानित किया गया है।

बटालियन की व्यावसायिक दक्षता, ऑपरेशन संबंधी तैयारी, उच्च मनोबल तथा नागरिक प्रशासन एवं स्थानीय लोगों को बहुमूल्य सहायता प्रदान करने के प्रयासों को भी विशेष पहचान मिली है। इसी क्रम में 17 जून 2022 को अरुणाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल ब्रिगेडियर (डॉ.) बी. डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) द्वारा बटालियन को उसकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान बटालियन के अनुशासन, कार्यकुशलता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

स्थापना दिवस के अवसर पर वीर स्मृति स्थल पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बिहार रेजिमेंट केंद्र के कार्यवाहक समादेष्टा कर्नल विजय कुमार, लेफ्टिनेंट कर्नल जयवीर यादव, सूबेदार मेजर नारायण प्रधान, सूबेदार मनोज कुमार सहित अन्य सैन्य अधिकारियों, जेसीओ एवं जवानों ने भाग लिया। सभी ने देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

**Manah**
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल



मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी

बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी



नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक

सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या



डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पताः HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एनक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

# विवादित जमीन की खरीद-बिक्री करने को लेकर आसिफ को मारी गयी गोली

**फुलवारी शरीफ।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के ईसापुर में जमीन खरीद-बिक्री के कारोबार से जुड़े मोहम्मद आसिफ उर्फ छोटू को गोली मारने के मामले में नया खुलासा हुआ है. पुलिस के अनुसार जख्मी को कुल तीन गोलियां लगी हैं. इनमें दो गोली पीठ और एक गोली कंधे के पास लगी है. एम्स पटना में इलाजरत जख्मी की हालत फिलहाल स्थिर बतायी जा रही है. जख्मी ने अपने प्रथम बयान में गुलिस्तान मोहल्ला निवासी मोहम्मद कल्लू पिता मोहम्मद अनवर और उसके साथियों पर गोली मारने का आरोप लगाया है. पुलिस को प्रारंभिक जांच में घटना के पीछे जमीन विवाद का मामला सामने आया है. बताया गया है कि इस्लामिया बीएड कॉलेज, गुलिस्तान मोहल्ला के पास एक जमीन है, जहां होम्योपैथ की दुकान भी संचालित होती है. उक्त जमीन को मोहम्मद कल्लू द्वारा खरीद लिये जाने की बात सामने आयी है. इसी जमीन को खरीदने के लिए मोहम्मद आसिफ भी बातचीत कर रहा था. इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने की जानकारी पुलिस को मिली है. पुलिस के अनुसार जख्मी मोहम्मद आसिफ का जमीन को लेकर अन्य लोगों से भी विवाद रहा है. जांच में यह भी जानकारी सामने आयी है कि वह अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर विवादित जमीन की खरीद-बिक्री और कब्जे से जुड़े मामलों में



सक्रिय रहता था. पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है.

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ईसापुर निवासी मोहम्मद आसिफ उर्फ छोटू करीब 30 वर्ष का है और जमीन की खरीद-बिक्री के कारोबार से जुड़ा हुआ है. गुरुवार की रात वह ईसापुर में एक चाय की दुकान के पास मौजूद था, तभी बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने उस पर गोली चला दी. घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गये. पुलिस के मुताबिक जख्मी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है. वह दो बार जेल जा चुका है. एक मामले में अवैध लाइसेंस वाले हथियारबंद बॉडीगार्ड रखने तथा दूसरे मामले में शराब से जुड़े मामले में जेल जाने की जानकारी पुलिस को मिली है.

पुलिस उसके पुराने आपराधिक मामलों और जमीन से जुड़े विवादों की भी पड़ताल कर रही है. गोलीकांड के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है. हमलावरों की पहचान और घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस की जांच जारी है.

# दस दिनों में मरीज को मिलने लगेंगी सभी सुविधाएं : अधीक्षक

**( आज समाचार सेवा )**

**पटना।** पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में आगामी दस दिनों में ऑर्थोपेडिक विभाग नए भवन में पूरी तरह से शिफ्ट हो जायेगी। इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक डा.राजीव कुमार सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि ऑर्थोपेडिक विभाग के ओटी नए भवन में शिफ्ट हो गया हैं। कुछ ऑपरेशन भी किये गये हैं। लेकिन, आने वाले दिनों में एक ही छत के नीचे ऑर्थोपेडिक विभाग के सभी सुविधाएं मिलने लगेगी।

यहां शिफ्ट होने के बाद मरीज व उनके परिजनों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच में जैसे-जैसे भवन निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है, वैसे-वैसे विभागों को शिफ्ट किया जा रहा हैं। इससे मरीज को इलाज कराने में काफी सहूलियत होगी।

**फाईब्रोस्कैन**
50% की छूट
सीमित अवधि के लिए
लिवर की जाँच का आधुनिक और बेहतर तरीका
बिना दर्द | तेज | सुरक्षित | सटीक परिणाम
यह एडवांस अल्ट्रासाउंड तकनीक लिवर में फाइब्रोसिस (Fibrosis) और फैट की मात्रा का सटीक आकलन करती है।




फाइब्रोस्कैन के फायदे
☑ बिना चीर-फाड़ और बिना दर्द
☑ तेज और आसान (5-10 मिनट में जाँच पूरी)
☑ सुरक्षित (कोई जोखिम या साईड इफैक्ट नही)
☑ सटीक और विश्वसनीय दुनिया भर में स्वीकृत तकनीक
☑ तुरंत परिणाम (तुरंत रिपोर्ट जल्दी उपचार निर्णय में मदद)



डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore

लिवर को जानें, समय पर रोकें
सामान्य लिवर
सिरोसिस

DYNAMIC Super Speciality Liver And Gastro Centre
पटेल पथ, मजार गली, इन फ्रंट ऑफ पिलर नं. 76, राजा बाजार, पटना
अभी कॉल करें। 6206071186

# क्लिनिक में काम करने वाली महिला की गोली मारकर हत्या

**( निजप्रतिनिधि )**

**पटना।** पटना मे अपराध और अपराधी सिर चढकर बोल रहे है। पटना पुलिस ने अपराध और अपराधियो पर नकेल कसने के लिए दावे या कार्रवाई जमीन पर नजर नही आते है जिसके कारण अपराधियो के हौसले बुलंद होते जा रहे है और जहॉ जब उनकी मर्जी हुई घटना को अंजाम देकर आसानी से निकल जाते है कुछ ऐसा ही मामला हवाई अड्डा थाना इलाके मे घटी है जहॉ अज्ञात अपराधियो ने 55 वर्षीय महिला उर्मिला उर्फ आरती को गोली मार दी। घटना हवाई अड्डा थाना अंतर्गत 18 नंबर पिलर के ठीक सामने की है,जहां वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।वही जख्मी उर्मिला को अस्पताल मे भर्ती कराया जहॉ इलाज के क्रम मे उसकी मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी महिला उर्मिला उर्फ आरती स्थानीय दीपा रानी क्लिनिक में मेड के रूप में कार्य करती हैं। रोजाना की तरह वे अपनी ड्यूटी समाप्त करने के बाद क्लिनिक से बाहर निकली थीं।

इसी दौरान घात लगाए किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें निशाना बनाते हुए गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। गोलीबारी की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। घटना की सूचना मिलते ही इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल (डायल 112) की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल महिला को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहॉ इलाज के दौरान उर्मिला की मौत हो गयी। महिला की मौत की पुष्टि स्वंय एसडीपीओ सचिवालय-२ साकेत कुमार ने किया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही हवाई अड्डा थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावर का सुराग मिल सके। हालांकि, इस जानलेवा हमले की असल वजह क्या है, इसका पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है और सभी संभावित बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है।

# बच्चों ने भरे कल्पना के रंग

**( आज समाचार सेवा )**

**पटना।** विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल,शास्त्रीनगर,शेखपुरा में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बच्चे एवं बच्चियों ने रंगोलियों में अपनी-अपनी कल्पना की उड़ान के रंग भरे। इस दौरान उनकी रचनात्मकता देखते ही बन रही थी। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे बच्चे-बच्चियों ने हम सभी को दीपावली के पूर्व आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का इंतजार रहता है।

**रंगोली प्रतियोगिता**



यह हमें अपने जीवन पथ पर आगे बढ़ने की भी प्रेरणा देती है। इसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की गयी। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे हमारा एकमात्र उद्देश्य बच्चों की कल्पना शक्ति को बढ़ाना है। ऐसा इसलिए कि वे कोई भी कार्य करने के पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें। इस अवसर पर उपप्राचार्य राज कुमार एवं अनुपमा मिश्रा, वरण कुमार झा, प्रियंका पांडेय, लवली राठौड़, आकृति, अनुराधा सिंह, बिन्नी कुमारी, कृति, मालती झा एवं निधि झा आदि उपस्थित थे।

**आसनसोल – गया एमईएमयू एक्सप्रेस का पुनर्निर्धारण**

रखरखाव कार्य के लिए, आसनसोल मंडल के सीतारामपुर स्टेशन लिमिट में अप लाइन पर **दिनांक** 03.11.2026 (मंगलवार) को **04 घंटे (10.15 बजे से 14.15 बजे तक)** ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, 13545 **आसनसोल-गया एमईएमयू एक्सप्रेस** ब्लॉक के दिन 30 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**
पूर्व रेलवे
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. **ई. निविदा सं.** : पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीएन-05-26-27, **कार्यों के नाम** : सीएओ/सीओएन/महेन्द्रूघाट पटना, निर्माण कार्यालय/दानापुर एवं निर्माण स्टोर (पी.वे एवं कार्य)/दानापुर के कार्यालयों और परिसर का रखरखाव, सुधार और बागवानी।, **अंकलित मूल्य (रु)** : 1,23,97,001.55, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रू.)** : 2,48,000/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 24 महीने (730 दिन)। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 18.11.2026 at 15.30 बजे। ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि-पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाईट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/1212/कॉन/एस/एमएचएक्स/पटना/कन्स्ट्र./टी/26-27/44

**बिहार लोक सेवा आयोग**
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना-800001

**विज्ञापन सं.-05/2026 से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के अधीन बिहार अग्निशमन सेवान्तर्गत उप निदेशक (वरीय पुलिस उपाधीक्षक के समकक्ष) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन दिनांक 04.11.2026 को निर्धारित है। विस्तृत दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bihar.gov.in** पर प्रकाशित है।

ह./-
**परीक्षा नियंत्रक**
**बिहार लोक सेवा आयोग, पटना**

PATEL COLLEGE OF COMPUTER AND MANAGEMENT EDUCATION
RUN AND MANAGED BY: SWAMI VIVEKANAND EDUCATIONAL TRUST
SUKULCHAK, KAROUNA, JEHANABAD – 804417

Purpose Course: MBA ((Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management

शीघ्र आवश्यकता है

| Post | Department | Qualification |
|---|---|---|
| Principal | Administration | Ph.D with 10 Year Experience |
| Assistant Professor/ Professor | MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management | Ph.D / Master Degree in Relevant Field/ Subject |
| HOD | MBA (Finance, Marketing, Hospital, Human Resource) Management | Ph.D/ Master Degree in Relevant Field With 5 Year Experience |
| Librarian | Library | B.Lib.Sc / M.Lbi.Sc |
| Lab Instructor/ | - | BCA / DCA |
| Accountant | Administration | M.Com / B.Com |
| Office Assistant | Administration | Graduate with Computer Knowledge |
| Other Post (Receptionist, Admission- Cum Counselor, Driver, Gardener, Peon) | Administration | Minimum Qualification 10th/12th/Graduate and Experience in Relevant fields |

■ एक वयक्ति केवल एक ही पद के लिए आवेदन (Apply) कर सकते हैं। ■ अपने Resume और self-Attested photo-copy Certificate को 15 दिन में patelcollegejehanabad@gmail.com पर मेल करें। अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी ■

Secretary/Chairman - Divya Prakash Contact- 9304697359, 9334074905